राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 286 / 2023 दिनांकः—18 जनवरी, 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः—परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय की स्नातक एवं परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 से प्रारम्भ होकर दिनांक 10 जनवरी, 2023 को सम्पन्न हो चुकी है। उसके उपरान्त भी अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, यह स्थिति अत्यन्त शोचनीय एवं चिन्ताजनक है।

पूर्व में भी विश्वविद्यालय के पत्र सं0—आर0एम0पी0यू0 / 1580 / 2022 दिनांक 21 नवम्बर, 2022 द्वारा समय से परीक्षा शुल्क जमा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु महाविद्यालयों द्वारा इसको गम्भीरता से नहीं लिया गया है, जिस पर मा0 कुलपति जी द्वारा घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गई।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार अपेक्षा की जाती है कि लम्बित परीक्षा शुल्क दिनांक 25 जनवरी, 2023 तक प्रत्येक दशा में जमा कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा न करने की स्थिति में रू0 पॉच लाख तक परीक्षा शुल्क वाले महाविद्यालय को रू0 पचास हजार अर्थदण्ड एवं इससे अधिक परीक्षा शुल्क वाले महाविद्यालय को रू0 एक लाख अर्थदण्ड दिनांक 31 जनवरी, 2023 तक जमा करना होगा।

भवदीय,

18/1

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़।
4. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. सम्पादक समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक जागरण पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।

सहायक कुलसचिव

V letter